# नव उद्यमी निवेश के नए अध्याय लिखें : डॉ मोहन यादव

- मुख्यमंत्री ने नव उद्यमियों को प्रदेश में बड़े निवेश के लिए किया प्रेरित
- इंदौर में आयोजित भारत समिट में युवाओं की ऊर्जा और नवाचार पर दिया जोर
- उद्योगों से रोजगार और सम्पन्नता का जताया विश्वास

नव भारत न्यूज

**इंदौर. शहर में हुए वाईईएफ भारत समिट 2025 में नव उद्यमिता, उद्योगों में निवेश, जल-संपन्नता और ग्रीन एनर्जी की उपलब्धियों पर नए विज़न के साथ बड़ा संदेश दिया. सीएम ने मंच से नव उद्यमियों से आह्वान किया कि वे नवाचार और सामाजिक जिम्मेदारियों के साथ आगे बढ़ें और प्रदेश में उद्योग तथा स्टार्टअप निवेश के नए अध्याय लिखें.**



कार्यक्रम के मुख्य अतिथि मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा कि उद्योग-निवेश न सिर्फ आर्थिक मजबूती देता है, बल्कि हजारों परिवारों की रोज़ी-रोटी और जीवनस्तर सुधारने की दिशा में निर्णायक भूमिका निभाता है. उन्होंने बताया कि प्रदेश में औद्योगिक वातावरण अनुकूल है और निवेशकों को हर स्तर पर सहयोग उपलब्ध कराया जा रहा है. सीएम ने यह भी कहा कि युवा शक्ति के नेतृत्व में प्रदेश आत्मनिर्भरता को नई गति देगा और उद्यमिता के माध्यम से भारत व मध्यप्रदेश नई ऊंचाइयां छुएंगे. यंग एंटरप्रेन्योर्स फोरम द्वारा आयोजित इस समिट में केंद्रीय संचार मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया विशेष अतिथि रहे. कार्यक्रम में जल संसाधन मंत्री तुलसीराम सिलावट, महापौर पुष्यमित्र भार्गव, विधायक रमेश मेंदोला, पूर्व महापौर मालिनी गौड़, उद्योग जगत के प्रतिनिधि, अन्य जनप्रतिनिधि और अधिकारी मौजूद रहे. देशभर से पहुंचे वक्ताओं और उद्योग प्रतिनिधियों ने अनुभव साझा किए. कार्यक्रम नेतृत्व, आध्यात्मिकता, उद्यमिता और भविष्य की दृष्टि से जुड़ा ऐतिहासिक मंच बना.

**निवेशकों का भरोसा बढ़ा** -प्रदेश में उद्योगों को बढ़ावा देने की नई नीति पर बोलते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि पहली बार उद्योग विभाग को सीधे शीर्ष स्तर पर रखकर निर्णय प्रक्रिया को तेज किया है, इससे निवेशकों का भरोसा बढ़ा है. उन्होंने बताया कि औद्योगिक विस्तार से युवाओं के लिए बड़े पैमाने पर रोजगार के अवसर तैयार किए जा रहे हैं.

**जल संपन्नता के नए आयाम**-जल संसाधन क्षेत्र में उपलब्धियों का ज़िक्र करते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि नदी जोड़ो अभियान और पीकेसी योजना के माध्यम से जल-संपन्नता के नए आयाम स्थापित हुए हैं.

### भारत को नई दिशा दे रही पीढ़ी : सिंधिया

केंद्रीय संचार मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया ने युवाओं में नेतृत्व क्षमता और नवाचार को देश की प्रगति की असली शक्ति बताते हुए कहा कि सपने देखने, उन्हें हकीकत में बदलने और व्यवस्था में बदलाव लाने वालों की तैयार पीढ़ी भारत को नई दिशा दे रही है. उन्होंने अपने जीवन अनुभव साझा कर युवाओं से साहस, धैर्य और जोखिम उठाने की क्षमता विकसित करने की बात कही. समिट के दौरान विभिन्न पैनल चर्चा, संवाद और प्रेरक सत्र हुए, जिनमें नैतिक नेतृत्व, सामाजिक जिम्मेदारी और नवाचार पर युवाओं को दिशा दी गई. आयोजन में शामिल प्रतिभागियों ने कहा कि यह मंच भविष्य के उद्यमियों के लिए नए अवसर और प्रेरणा लेकर आया है.

### 6 लाख करोड़ की परियोजनाएं जमीन पर

निवेश बढ़ोतरी की चर्चा करते हुए मुख्यमंत्री ने जानकारी दी कि भोपाल में हुए ग्लोबल इन्वेस्टर समिट में 32 लाख करोड़ रुपए के एमओयू दर्ज किए हैं. इनमें से छह लाख करोड़ रुपए के निवेश की परियोजनाएं जमीन पर उतर चुकी हैं. इसी माह 25 दिसंबर को दो लाख करोड़ रुपए के निवेश का भूमिपूजन और लोकार्पण एक साथ किया जाएगा. यह आयोजन पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी की जन्मतिथि पर केंद्रीय गृह मंत्री की उपस्थिति में होगा.

**एकजुट होकर सक्रिय होने का आह्वान**-इस अवसर पर यंग एंटरप्रेन्योर्स फोरम के आयोजक एवं किमिरिका के संस्थापक रजत जैन ने कहा वायईएफ भारत समिट 2025 केवल एक आयोजन नहीं है, बल्कि देशभर के युवा एंटरप्रेन्योर्स के लिए 'नेशन फर्स्ट' की सोच के साथ एकजुट होकर सक्रिय होने का आह्वान है. स्वागत भाषण देते हुए एमडीपीएच के निदेशक एवं वायईएफ के आयोजक अंकित अग्रवाल ने कहा यह केवल एक समिट नहीं, बल्कि देश के उद्यमशील भविष्य को आकार देने की एक ईमानदार कोशिश है.

## एक नजर में

### एनएसएस के विशेष शिविर का आयोजन



इंदौर. श्री वैष्णव कॉलेज ऑफ आर्ट्स एंड कॉमर्स के अंतर्गत राष्ट्रीय सेवा योजना का सात दिवसीय विशेष शिविर ग्राम तिलौर खुर्द में आयोजित किया गया. इस शिविर का मुख्य उद्देश्य विद्यार्थियों में सेवा-भाव, सामाजिक उत्तरदायित्व, अनुशासन एवं राष्ट्रप्रेम की भावना का विकास करना रहा. शिविर के दौरान स्वयंसेवकों द्वारा विविध रचनात्मक, बौद्धिक एवं सामाजिक गतिविधियाँ संचालित की गईं, जिनके माध्यम से ग्राम विकास, स्वच्छता, सामाजिक जागरूकता एवं नैतिक मूल्यों पर विशेष बल दिया गया. कार्यक्रम में एनएसएस के कार्यक्रम अधिकारियों डॉ. जीएस भाटिया, डॉ. प्रणव क्षोत्रिय, डॉ. ललित चौहान एवं डॉ. अनिल शर्मा की सक्रिय सहभागिता एवं मार्गदर्शन रहा. शिविर के अवसर पर महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. परितोष अवस्थी ने विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए कहा कि राष्ट्रीय सेवा योजना युवाओं को समाज से जोड़ने का एक सशक्त मंच है, जो उनके व्यक्तित्व एवं चरित्र निर्माण में महत्वपूर्ण भूमिका निभाती है. विशेष अतिथि अरविंद गुप्ता ने कहा मानव सेवा ही परम धर्म है और विद्यार्थियों को निस्वार्थ भाव से समाज सेवा के लिए सदैव तत्पर रहने का संदेश दिया. शिविर में श्री चिमनानी का प्रेरणादायी उद्बोधन भी हुआ. कार्यक्रम के समापन पर ग्राम सरपंच की गरिमामयी उपस्थिति रही. सभी स्वयंसेवकों को प्रमाणपत्र वितरित किए गए. इस अवसर पर रामकृष्ण मिशन के राजेश पांडे भी विशेष रूप से उपस्थित रहे.

### फ्लिपकार्ट और एनसीवीईटी मिलकर काम करेंगे

इंदौर. भारत के होम-ग्रोन ई-कॉमर्स मार्केटप्लेस, फ्लिपकार्ट ने नेशनल काउंसिल फॉर वोकेशनल एजुकेशन एंड ट्रेनिंग (एनसीवीईटी) के साथ एक समझौतापत्र पर हस्ताक्षर किए हैं. इस समझौते का उद्देश्य भारत में कौशल निर्माण की प्रक्रिया को मजबूत बनाना तथा भारत के स्किल इंडिया मिशन में सहयोग देना है. इस समझौते के अंतर्गत भारत के तेजी से बढ़ते हुए ई-कॉमर्स एवं लॉजिस्टिक्स क्षेत्र के लिए पूरे देश में मान्यताप्राप्त और उद्योग पर आधारित प्रशिक्षण प्रदान किया जाएगा. इस समझौते पर हस्ताक्षर नई दिल्ली के कौशल भवन में कौशल विकास और उद्यमिता मंत्रालय (एमएसडीई) एवं एनसीवीईटी के वरिष्ठ अधिकारियों की मौजूदगी में किए गए. इस अवसर पर देबाश्री मुखर्जी, सचिव, कौशल विकास एवं उद्यमिता मंत्रालय (एमएसडीई) तथा चेयरपर्सन, एनसीवीईटी मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित थीं. उनके साथ मौजूद लोगों में रजनीश कुमार, चीफ कॉर्पोरेट अफेयर्स ऑफिसर, फ्लिपकार्ट ग्रुप; प्रो. डॉ. अशोक कुमार गाबा, एग्ज़िक्यूटिव मेंबर, एनसीवीईटी और लेफ्टिनेंट कर्नल विक्रम सिंह भाटी, डायरेक्टर, एनसीवीईटी शामिल थे. फ्लिपकार्ट ग्रुप के चीफ कॉर्पोरेट अफेयर्स ऑफिसर रजनीश कुमार ने कहा कि हम नौकरी के लिए तैयार एक बड़े कार्यबल का निर्माण करना चाहते हैं, जो भारत की डिजिटल अर्थव्यवस्था के साथ विकास करे और स्किल इंडिया मिशन में लंबे समय तक अपना महत्वपूर्ण योगदान दे.

### नि :शुल्क ध्यान शिविर का आयोजन आज

इंदौर. सहज योग ध्यान समिति इंदौर द्वारा 21 दिसंबर, रविवार को सुबह 8 बजे निशुल्क ध्यान शिविर का आयोजन किया जायेगा. विश्व ध्यान दिवस पर यह आयोजन बोलिया सरकार की छत्री एमजी रोड स्थित हीरा लस्सी के पास होगा. यह जानकारी देते हुए समिति के समनवयक पुमेश बाहेती ने बताया कि माताजी निर्मला देवी द्वारा स्थापित सहज योग ध्यान मानवता को प्रदान किया गया एक ऐसा सहज, सरल और प्रभावी मार्ग है जो हमारे भीतर की दिव्य शक्ति को जगा सकता है. माता निर्मला देवी का उद्देश्य ही था कि प्रत्येक व्यक्ति बिना किसी साधना के कुंडलिनी जागरण और आत्म साक्षात्कार प्राप्त कर सके।

## अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता का सशक्त उदाहरण है कार्टून

इंदौर. प्रसिद्ध कार्टूनिस्ट देवेन्द्र शर्मा की पुस्तक सर्कस के विमोचन अवसर पर डॉ. भरत शर्मा (सदस्य - संस्कृति मंत्रालय, भारत सरकार) ने अपने उद्बोधन में कहा कि भारतीय लोकतंत्र में कार्टून अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता का सशक्त उदाहरण हैं. कार्टूनिस्ट बिना कटु भाषा के सत्ता, व्यवस्था और सामाजिक ढांचे पर प्रश्न उठाते हैं. कार्टून केवल मनोरंजन का माध्यम नहीं, बल्कि समाज का सशक्त दर्पण है. यह सरल रेखाओं, प्रतीकों और हास्य के माध्यम से गहन सामाजिक, राजनीतिक और सांस्कृतिक सच्चाइयों को प्रभावी ढंग से प्रस्तुत करता है. कार्टून समाज की कुरीतियों, विसंगतियों और अन्याय को व्यंग्य के माध्यम से उजागर करता है. एक चित्र कई बार लंबे भाषण से अधिक



प्रभावशाली सिद्ध होता है. भारतीय कार्टून विविध भाषाओं, संस्कृतियों और परंपराओं को एक मंच पर लाकर 'एक भारत, श्रेष्ठ भारत' की भावना को सुदृढ़ करते हैं. डॉ भरत शर्मा का स्वागत वरिष्ठ कार्टूनिस्ट देवेन्द्र शर्मा ने किया और उन्हें अपनी रची एक समग्र कार्टून पुस्तक भेट की. उक्त अवसर पर वरिष्ठ उद्योगपति राकेश खंडेलवाल, वीरेंद्र पौराणिक भी उपस्थित रहे.

## कांग्रेस जनहित के मुद्दों को लेकर एक महीने तक करेगी आंदोलन

- यादव और बाकलीवाल को सभी आंदोलन के प्रभारी बनाया

नव भारत न्यूज

**इंदौर.** कांग्रेस शहर में जनहित के मुद्दों की लेकर एक महीने तक आंदोलन करेगी. आंदोलन ब्लॉक स्तर पर किए जाएंगे. आंदोलन के प्रभारी संजय बाकलीवाल और देवेंद्र यादव को बनाया गया है.

शहर कांग्रेस कमेटी के नवनियुक्त ब्लॉक अध्यक्षों की बैठक कांग्रेस कार्यालय गांधी भवन में बैठक हुई. बैठक में शहर अध्यक्ष चिंटू चौकसे और विधानसभा प्रभारी दीपू यादव, जय हार्डिया, शैलेश गर्ग, कार्यवाहक अध्यक्ष देवेंद्र सिंह यादव, अंकित खड़ायता संगठन महासचिव संजय बाकलीवाल की मौजूदगी में हुई. बैठक में सभी नवनियुक्त ब्लॉक अध्यक्षों का स्वागत किया गया. बैठक



में जनहित से जुड़े कई मुद्दों पर ब्लॉक अध्यक्षों द्वारा बताया गया. इसके बाद ब्लॉक अध्यक्ष को 26 दिसंबर से 28 जनवरी तक शहर कांग्रेस द्वारा विभिन्न कार्यक्रम आयोजित करने के निर्देश दिए. शहर अध्यक्ष चिंटू चौकसे ने आंदोलन हेतु देवेंद्र सिंह यादव एवं संजय बाकलीवाल को प्रभारी बनाया गया है. बैठक में योगेंद्र मौर्य, प्रेम कुमार वर्मा तरुण कुमायू, जितेंद्र पाटिल, विपिन यादव, शुभम यादव, आशु पांडे, अक्षय पवार गब्बर, राहुल धाकरे, शिवलाल गुर्जर, नितेश सेन शैलू, विशाल चतुर्वेदी, गिरीश जोशी सुनील पाल, जतिन थोरात, रविकांत मिश्रा, शाहनवाज खान, शैलेश जैन लाला, पुखराज राठौर, आकाश कुशवाहा संतोष यादव, दिलीप सुरागे एवं अजय झा उपस्थित थे.

















